# विधान परिषदों में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व
# TEACHERS' REPRESENTATION IN LEGISLATIVE COUNCILS

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट

REPORT OF THE CENTRAL ADVISORY BOARD OF EDUCATION (CABE) COMMITTEE ON TEACHERS' REPRESENTATION IN LEGISLATIVE COUNCILS

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
(शिक्षा विभाग)
(Department of Education)
शास्त्री भवन, नई दिल्ली
Shastri Bhawan, New Delhi
1992

**विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति**

वीरप्पा मोइली
शिक्षा मंत्री, कर्नाटक
तथा अध्यक्ष ।

नई दिल्ली
जुलाई, 1992

प्रिय श्री अर्जुन सिंह,

मुझे, विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट आपको प्रदान करते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है। विधान परिषद वाले राज्यों में प्राइमरी शिक्षकों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न 1964–65 से ही चर्चा का विषय रहा है। तमिलनाडु शिक्षक संघ द्वारा दिए गए एक अभ्यावेदन पर, याचिकाओं पर राज्य सभा की समिति ने अपनी 90 वीं रिपोर्ट में यह सिफारिश की है कि विधान परिषदों में प्राइमरी शिक्षकों को मत देने का अधिकार दिया जाना चाहिए। समिति ने, विधान परिषदों में, प्रारंभिक शिक्षकों को मताधिकार देने के प्रश्न पर व्यापक परिप्रेक्ष्य जांच की। विधान परिषदों में, शिक्षकों के प्रतिनिधित्व के लिए प्रावधान बनाए जाने के तर्क और विचारधारा को समझने के लिए इसने संविधान सभा की कार्यवाही की भी जांच की। इसने समय-समय पर राज्य सरकारों के विचारों के साथ-साथ तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और आन्ध्र प्रदेश राज्यों में विधान परिपदों को समाप्त करने के लिए राज्य सभाओं/संसद की कार्यवाइयों की भी जांच की। समिति की रिपोर्ट पूर्ण रूप से मामलों की जांच पर आधारित है।

हम, सदस्य-सचिव प्रोफेसर जे० एस० राजपूत तथा विशेषकर उनके साथियों, श्री यू० के० सिन्हा, निदेशक, तथा श्री डी० पी० भटनागर, डैस्क अधिकारी तथा उनके निजी स्टाफ अर्थात श्री एन० ए० गणेशन, रविन्द्र सिंह तथा कुमारी बीना परचानी द्वारा किए गए सुनियोजित कार्य की तहदिल से प्रशंसा करते हुए उसे रिकार्ड में रखना चाहते हैं। इस दल द्वारा किए कठिन कार्य से ही समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकी है।

सत्यमेव जयते

वीरप्पा मोइली,
अध्यक्ष, विधान परिषदों में शिक्षकों के
प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड
समिति

श्री अर्जुन सिंह,
मानव संसाधन विकास मंत्री,
भारत सरकार,
नई दिल्ली

सत्यमेव जयते

## विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति के सदस्य

अध्यक्ष

श्री वीरप्पा मोइली
शिक्षा मंत्री
कर्नाटक

सदस्य

श्री अनत राव थोपटे,
शिक्षा मंत्री
महाराष्ट्र ।

**सदस्य–सचिव**

प्रो० जे० एस० राजपूत
संयुक्त शिक्षा सलाहकार
(प्रारम्भिक शिक्षा)
शिक्षा विभाग

श्री शिव प्रताप शुक्ला
राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)
बेसिक तथा प्रौढ़ शिक्षा
उत्तर प्रदेश

डा० राम चन्द्र पूर्वे
मंत्री (एस०ई० तथा पी०ई०)
बिहार ।

**स्थाई आमंत्रित व्यक्ति**

शिक्षा सचिव
निदेशक, नीप

श्री पी० वी० रंगाराव
शिक्षा राज्य मंत्री
आंध्र प्रदेश

श्री बी०एल० माथुरिया
संयुक्त सचिव, विधि तथा न्याय मंत्रालय
नई दिल्ली

श्री निखिल चक्रवर्ती
सम्पादक, मेनस्ट्रीम, नई दिल्ली ।

डा० (श्रीमती) सरस्वती स्वैन,
कल्याण नगर, कटक ।

प्रो० मूनिस रजा,
अध्यक्ष, भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद,
नई दिल्ली ।

डा० के० एल० चोपड़ा, निदेशक,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
खड़गपुर ।

सत्यमेव जयते

# विषय वस्तु


| अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| I—प्रस्तावना | 1–2 |
| II—प्रणाली विज्ञान तथा प्रक्रिया | 3–8 |
| III—विधान परिषदों पर संविधान सभा में हुई बहसों का मूल्यांकन | 9–13 |
| IV—तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल राज्यों में विधान परिषदें भंग करने से संबंधित संसदीय कार्यवाहियां। | 14–15 |
| V—राज्य सरकारों तथा चुनाव आयोग के विचार | 16–17 |
| VI—निष्कर्ष और सिफारिशें | 18–19 |
| अनुबंध : केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के गठन के आदेश | 20–21 |
| परिशिष्ट I—अनुच्छेद 171 | 22 |
| परिशिष्ट II —मंत्रिमंडल के निर्णय का इतिहास | 23–24 |
| परिशिष्ट III—राज्यों की विधान सभाओं में सीटों की संख्या दर्शाने वाला विवरण | 25 |
| परिशिष्ट IV—राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर व्यक्त किए गए विचारों को दर्शाने वाला विवरण। | 26 |
| परिशिष्ट V—दिनांक 30–9–89 तक प्रबंधकों द्वारा दी गई शिक्षकों की संख्या और प्रतिशतता | 27 |
| परिशिष्ट VI—समिति का सचिवालय | 28 |

अध्याय–I

# प्रस्तावना

भारत के संविधान में विधान परिषदों के संरूपण में, शिक्षकों को अत्यधिक विशेष स्थान दिया गया है। किसी अन्य व्यवसाय को अलग से अपना निर्वाचन क्षेत्र बनाने के अवसर नहीं हैं। जबकि परिषदों में, साहित्य, विज्ञान, कला सहयोग आन्दोलन तथा समाज सेवा के क्षेत्र का ज्ञान अथवा अनुभव रखने वाले व्यक्तियों में से नामित करने का प्रावधान बनाया गया है। एक निर्वाचन क्षेत्र का सृजन कम से कम माध्यमिक स्कूल जैसी संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों के लिए किया गया है। इससे ज्ञात हो जाता है कि संविधान के निर्माताओं द्वारा शिक्षकों को कितना अधिक महत्व दिया गया है तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में उनकी जिस भूमिका की आशा रखी गई है उसे भी स्पष्ट किया गया है।

2. तथापि, संविधान के निर्माण के समय भी इस विषय में यह मतभेद था कि शिक्षकों को ही विशेष अधिमान्यता क्यों दी जानी चाहिए और यदि ऐसा प्रावधान आवश्यक रूप से किया जाना ही है तो प्रारंभिक स्कूलों के शिक्षकों अथवा माध्यमिक और उससे अधिक स्तर के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के बीच अन्तर क्यों किया जाना चाहिए। इस प्रकार से समय-समय पर संविधान के अनुच्छेद 171 (3) (ग) में संशोधन करने के लिए दो तरह की राय रही है अर्थात् :—

(क) एक साथ शिक्षकों के चुनाव क्षेत्रों को समाप्त कर दिया जाए।

(ख) इसे इस तरह से बढ़ाया जाए ताकि इसमें प्रारंभिक स्कूलों के शिक्षकों को भी शामिल कर लिया जाए। संविधान के अनुच्छेद 171 (3) (ग) के उपबंधों की एक प्रति परिशिष्ट I में दी गई है।

3. शिक्षा से संबंधित मामलों में भारत सरकार का उच्चतम सलाहकार निकाय, केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सी० ए०बी०ई०) ने अक्तूबर, 1964 में आयोजित अपनी बैठक में इस विषय पर चर्चा की तथा उसी समय यह सिफारिश भी की कि अध्यापकों के निर्वाचन-क्षेत्र पूर्ण रूप से समाप्त होने चाहिएं। जून, 1965 में आयोजित राज्य-शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भी इस सिफारिश को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। लेकिन बाद में, समय-समय पर कुछ राज्य सरकारों तथा प्रारंभिक स्कूल शिक्षक संगठनों ने मांग की कि प्रारम्भिक स्कूल-शिक्षकों को वोट का अधिकार दिया जाए। 1957 से 1979 के बीच इस विषय पर केन्द्र सरकार में 7 बार विचार किया गया परन्तु यथापूर्व स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। फरवरी 1979 में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय किया गया कि यथापूर्व स्थिति ही बनी रहनी चाहिए। मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों का कालक्रम परिशिष्ट–II पर दिया गया है।

4 तमिलनाडु शिक्षक संघ के महासचिव श्री मुथुस्वामी तथा दो अन्य शिक्षकों ने, देश में शिक्षकों के वेतन तथा सेवा-दशाओं के संबंध में 10–5–1983 को राज्य सभा में एक याचिका दायर की। याचिका-दाताओं द्वारा किए गए निवेदनों में से एक निवेदन निम्नवत है :—

" शिक्षक निर्वाचन-क्षेत्रों से प्रारंभिक स्कूल शिक्षकों को राज्य-विधान परिषदों के चुनावों में वोट का अधिकार प्रदान करने संबंधी, संविधान के अनुच्छेद 171 (3) (सी०) का संशोधन।"

5. राज्य सभा याचिका समिति ने इस विभाग की टिप्पणियां प्राप्त कीं तथा याचिका-दाताओं, विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों, विधि मंत्रालय के प्रतिनिधियों तथा भारत सरकार आदि से मौखिक साक्ष्य लिए। मानव संसाधन-विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि ने समिति के समक्ष, इस समिति के विचार-विमर्श के प्रारंभिक स्तर पर 19–4–1984 को तथा दुबारा इसके समापन-स्तर पर 10–7–1986 को दो बार मौखिक साक्ष्य दिया।

6. समिति ने याचिका पर अपनी रिपोर्ट (90 वीं रिपोर्ट) 30–7–1986 को सभा पटल पर प्रस्तुत की। रिपोर्ट का सारांश नीचे पुनः प्रस्तुत किया गया है :—

"जिन राज्यों में शिक्षक निर्वाचन-क्षेत्र हैं, उनमें शिक्षकों को मताधिकार देने के उद्देश्य के लिए प्रारंभिक/ प्राथमिक/ मिडिल आदि स्कूल शिक्षकों तथा हाई /हायर सेकैण्डरी/यूनिवर्सिटी स्तर के शिक्षक के बीच कोई अन्तर नहीं होना चाहिए।"



2—558 HRD/92

7. विधि मंत्रालय ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार तथा जम्मू व कश्मीर राज्य सरकारों से, विधान परिषदें रखने के लिए उनके विचार पूछे हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भी यह मामला विधि मंत्रालय के साथ उठाया है।

8. विधि मंत्रालय ने, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को इस संबंध में यह परामर्श दिया है कि इस संबंध में केन्द्र सरकार के नए निर्णय प्राप्त करने के प्रयास से पूर्व, केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के समक्ष उनकी सलाह लेने के लिए, प्रस्तुत करें। तदनुसार इस मामले को, केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 8–9 मार्च, 1991 को आयोजित बैठक में रखा गया। केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने शिक्षा के प्रत्येक पहलू पर विचार करने के लिए कई कार्यदल गठित किए। बैठक के मुख्य सार के संगत भागों को नीचे पुनः प्रस्तुत किया गया है :–

प्रारंभिक शिक्षा कार्यदल के अधिकतर सदस्यों ने यह अनुभव किया है कि इस मामले पर गहन एवं व्यापक विचार करना अपेक्षित है। कार्यदल ने तदनुसार यह सुझाव दिया कि केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड शीघ्र ही एक समिति गठित करे, जो इस विषय के सभी पहलुओं की जांच करेगी तथा बोर्ड के विचार-विमर्श हेतु अपनी सिफारिशें तैयार करेगी।

9. केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 8–9 मार्च, 1991 को आयोजित अपनी बैठक में लिए गए निणय के अनुसरण में, भारत सरकार ने विधान परिषदों में शिक्षक प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की एक समिति का गठन किया है। यह दस्तावेज, समिति की एक रिपोर्ट है।

सत्यमेव जयते

अध्याय–II

# प्रणाली विज्ञान तथा प्रक्रिया

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व के मामले की जांच करने के लिए सरकारी आदेश संख्या एफ–3–11/91–पी० एन० 1 के अनुसार 10–2–1992 को एक समिति गठित की गई, जिसके अध्यक्ष, कर्नाटक के शिक्षा मंत्री श्री वीरप्पा मोइली तथा नौ अन्य सदस्य थे (समिति के गठन संबंधी आदेश की एक प्रति परिशिष्ट पर दी गई है)। संदर्भ की शर्तें इस प्रकार ह :—

(क) यह जांच करने के लिए कि क्या विधान परिषद चुनावों में शिक्षकों के पृथक निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में वर्तमान व्यवस्था के प्रतिनिधित्व किसी भी तरह से वांछनीय है,

(ख) यदि ऐसा है, तो क्या यथापूर्व स्थिति जारी रखी जानी चाहिए या शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारंभिक शिक्षकों को शामिल करने के उद्देश्य से संविधान में संशोधन किया जाए।

सरकारी आदेश में यह परिकल्पना की गई है कि समिति अपनी प्रक्रिया तथा कार्य पद्धति का स्वयं ही निर्धारण करेगी।

2. 13–3–1992 को नई दिल्ली में आयोजित अपनी पहली बैठक में समिति ने स्वयं को सौंपे गए कार्य को पूरा करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा पद्धति पर विचार-विमर्श किया। इस बात को स्वीकार किया गया कि यद्यपि सामग्री बहुतायत में उपलब्ध है फिर भी इस मामले में निर्णय लेने के लिए विभिन्न आवश्यक तत्वों का प्रणालीबद्ध अध्ययन अपेक्षित है। समिति को उपलब्ध सामग्री का गहन अध्ययन करना चाहिए तथा वैधानिक तथा संवैधानिक पहलुओं की जांच करनी चाहिए। समिति ने विधान परिषदों के सृजन की युक्तिसंगतता तथा शिक्षकों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र के निर्माण के महत्वपूर्ण तत्वों की जांच करने का फैसला किया है। इस जांच में संवैधानिक सभा की कार्रवाइयों तथा इस उद्देश्य के लिए अपेक्षित सामग्री का आलोचनात्मक अध्ययन भी शामिल होगा। यह नोट किया गया है कि यद्यपि जिन चार राज्यों में वैधानिक परिषदें कार्यरत हैं, उन्होंने इस संबंध में अपनी टिप्पणियां भेज दी हैं लेकिन उन राज्यों से पुनः अनुरोध किया गया है कि वे अपनी टिप्पणियां भेजें ताकि यदि इस विषय में उनके कुछ पुनर्विचार हों तो समिति उन पर भी विचार कर सकेगी। विशेष रूप से ऐसा करना इसलिए भी जरूरी समझा गया है क्योंकि इन राज्यों ने विभिन्न समय बिन्दुओं पर भिन्न-भिन्न सिफारिशें भेजी हैं।

3. अन्य जिन राज्यों में विधान परिषदें नहीं ह उनकी राय लेना, न केवल इसलिए जरूरी है कि यह विषय सार्वजनिक महत्व का है अपितु इसलिए भी जरूरी है कि कुछ अन्य राज्यों में पहले विधान परिषदें विद्यमान थी लेकिन अब उन्हें समाप्त कर दिया गया है। विधान परिषदों की समाप्ति के विषय में विभिन्न सभाओं तथा संसद में किए गए विचार–विमर्श, समिति के समक्ष रखे जाने वाले विषय की अध्ययन सामग्री का महत्वपूर्ण साधन बन सकता है। इन विचारों को प्राप्त किया जाए तथा समिति के समक्ष रखा जाए। समिति का यह भी विचार है कि जब यह मामला केन्द्र सरकार के विचाराधीन था उस समय चुनाव आयोग, विधि मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा विभिन्न समय बिन्दुओं पर व्यक्त किए गए विचार तथा राय से इस संबंध में लाभ मिलेगा।

4. जम्मू व कश्मीर एकमात्र ऐसा राज्य है जिसमें विधान–परिषद तो है लेकिन शिक्षकों का पृथक निर्वाचन क्षेत्र नहीं है। समिति, जम्मू व कश्मीर में ऐसी व्यवस्था के कारणों का अध्ययन करना चाहती है तथा इस उद्देश्य के लिए, जम्मू व कश्मीर की संवैधानिक सभा की कार्रवाइयां यदि उपलब्ध हो सके, तो सहायक सिद्ध होंगी।

## विधान परिषदों में शिक्षक प्रतिनिधि मंडल समिति का सचिवालय

1. प्रो० जे०एस० राजपूत
संयुक्त शिक्षा सलाहकार
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

2. श्री यू०के० सिन्हा
निदेशक
शिक्षा विभाग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

3. श्री डी०पी० भटनागर,
डैस्क अधिकारी
शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

4. श्री एन० ए० गणेशन,
निजी सचिव, शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

5. श्री रविन्द्र सिंह,
निजी सहायक, शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

6. सुश्री वीणा परचानी,
आशुलिपिक
शिक्षा विभाग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

समिति ने इस बैठक में यह नोट किया कि लगभग 90 प्रतिशत शिक्षक सरकारी कर्मचारी हैं और उन्हें अब तक इस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अधिकार प्राप्त नहीं है जबकि इस प्रावधान का वास्तविक लाभ केवल उन लोगों को मिला है जो शिक्षक के रूप में कार्यरत नहीं थे। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि समिति इस निर्वाचन क्षेत्र से परिषदों में जन-प्रतिनिधित्व की भूमिका का अध्ययन करे तथा इसके लिए लगभग 20 वर्ष की अवधि का निर्धारण करें ।

5. समिति के समक्ष यह मामला भी उठाया गया कि चूंकि यह याचिका तमिलनाडु शिक्षक संघ द्वारा राज्य सभा की याचिका समिति के समक्ष रखा गया था जहां विधान परिषद का अब कोई अस्तित्व नहीं रह गया है तो समिति को इस बात की जांच करनी चाहिए कि क्या याचिका दायर करने वाले यह मांग समूचे देश के शिक्षकों की ओर से कर रहे थे या केवल तमिलनाडु के शिक्षकों की ही ओर से की गई थी ।

अत: यह निर्णय लिया गया कि :

(क) सभी राज्य सरकारों को लिखा जाए कि क्या उनके पास विधान–परिषदें हैं अथवा नहीं ? इस मद्दे पर उनका मौजूदा दृष्टिकोण संसूचित किया जाए क्योंकि मामला काफी पेचीदा है ।

(क) (क.) याचिका संबंधी राज्य सभा समिति की 90 वीं रिपोर्ट की प्रति, (ख.) शिक्षकों को वोट देने के अधिकार के

बारे में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 171 (3) के अन्तर्गत अपनाई गई संबंधित कायवाहियां और (ग) राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर सारणीबद्ध रूप में अभिव्यक्त किए गए विचारों की प्रति समिति के सदस्यों को परिचालित की जाए।

(ग) जहां विधान परिषदें समाप्त कर दी गई हैं वहां उन राज्यों में विधान परिषदों को समाप्त करने से संबंधित विधान सभाओं/संसद की कार्यवाहियों को समिति के सदस्यों को भी उपलब्ध कराया जाए।

(घ) जम्मू और कश्मीर की संविधान सभा जिसमें यह निर्णय लिया गया है कि विधान परिषद में शिक्षकों को अलग से प्रतिनिधित्व न दिया जाए, से संबंधित कार्यवाही की प्रतियां समिति में भाग लेने वालों को भी उपलब्ध कराई जाये।

(ङ) पिछले बीस वर्षों के दौरान विधान परिषदों में शिक्षक जन प्रतिनिधित्व की पूरी भूमिका प्राप्त की जाए।

(च) तमिलनाडु शिक्षक परिसंघ की मौलिक याचिका की बारीकी से जांच पड़ताल की जाए कि क्या वे केवल तमिलनाडु के शिक्षकों का ही प्रतिनिधित्व करते हैं अथवा समूचे देश के शिक्षकों का।

6. समिति इस तथ्य से सजग थी कि उसे अपनी पहली बैठक के दो महीने के भीतर ही रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। अतः यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न राज्यों/एजेंसियों को अपना विचार देने के लिए उन्हें विशेष समय दिया जाना चाहिए। यदि उनके विचार निर्धारित समय में नहीं प्राप्त होते हैं तो समिति इससे पहले की प्राप्त सूचनाओं तथा दृष्टिकोणों के आधार पर अगली कार्यवाही कर सकती है।

7. इस मुद्दे को सभी राज्य सरकारों से तीन सप्ताह के भीतर उनके नए दृष्टिकोणों को प्राप्त करने के लिए उठाया गया कि, क्या

(i) विधान परिषदों में अलग शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में मौजूदा प्रावधान को बनाए रखना सर्वथा वांछनीय है,

(ii) यथास्थिति को कायम रखा जाए अथवा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारंभिक शिक्षकों को शामिल करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाए।

8. रिपोर्ट लिखने के समय तक नौ राज्यों से उत्तर प्राप्त हो गए हैं। विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त उत्तर नीचे दिए गए हैं :—

**हरियाणा** :

राज्य सरकार ने कहा है कि विधान परिषदों में अलग से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मौजूदा प्रावधान को बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं है, जिसके निम्नलिखित कारण हैं।

(i) संविधान में विधान परिषदों में शिक्षकों के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र बनाने का प्रावधान इस उद्देश्य से किया गया होगा कि बुद्धिजीवियों को विधान परिषदों में प्रतिष्ठापित किया जा सके क्योंकि बुद्धिजीवी चुनाव लड़ने में संकोच कर सकते हैं। इन प्रावधानों का उस समय कुछ महत्व रहा होगा किन्तु अब 40 वर्षों के पश्चात देश तथा शिक्षा व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है।

(ii) अलग से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों को बनाए रखने तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर से भी कम स्तर के शिक्षकों को शामिल करने का परिणाम यह होगा कि राजनीति में शिक्षकों की भागीदारी का क्षेत्र बढ़ेगा तथा शैक्षिक संस्थान से लेकर प्राइमरी स्तर तक की शिक्षा का शैक्षिक वातावरण दूषित होगा। शिक्षकों में यह धारणा है कि वे भी कालेज/विश्वविद्यालय स्तर की राजनीति में शामिल हों और अब यह विचार करना आवश्यक हो गया है कि क्या शिक्षक वर्ग की इस प्रवृति को और आगे बढ़ने दिया जाए अथवा नियन्त्रित किया जाये और शिक्षकों की भूमिका को शिक्षण तक ही सीमित रखा जाएगा। शिक्षकों को राजनीति से दूर रखने के लिए यह वांछनीय है कि विधान परिषदों में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों को तुरन्त समाप्त किया जाए।

(iii) शिक्षा का प्रसार होने के कारण अन्य वर्ग के बुद्धिजीवी जैसे डाक्टर, इंजीनियर, वकील आदि जिनकी संख्या काफी अधिक है, वे भी अलग से निर्वाचन क्षेत्रों की मांग करने लगेंगे।

(iv) वस्तुतः संविधान के अनुच्छेद 171 (ख) में स्नातकों के लिए विधान परिषदों में अलग निर्वाचन क्षेत्रों के जो प्रावधान किए गए हैं उसमें शिक्षकों सहित सभी बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हैं । इस प्रकार विधान परिषदों में अलग से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों को बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

**हिमाचल प्रदेश :**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 171(3) (ग) के अन्तर्गत यथास्थिति को बनाए रखा जाए तथा प्राइमरी स्कूल शिक्षकों को वोट देने के अधिकार में बढ़ोतरी करने का कोई तर्क नहीं है ।

**अरुणाचल प्रदेश :**

अरूणाचल प्रदेश सरकार ने कहा है कि (क) विधान परिषदों में अलग शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में मौजूदा प्रावधान को बनाए रखना वांछनीय है(ख) शिक्षकों के प्रतिनिधित्व के लिये शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में सभी स्तर के शिक्षकों में भेदभाव किए बिना यथास्थिति बनाए रखी जाए ।

**उड़ीसा :**

चूंकि राज्य में विधान परिषद नहीं है इसलिए इसमें प्रस्ताव के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है ।

**त्रिपुरा :**

चूंकि राज्य में विधान परिषद नही है इसलिए प्रस्ताव के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है ।

**बिहार :**

राज्य सरकार की राय है कि विधान परिषद में शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्रों में प्राथमिक स्कूल शिक्षकों को भी मताधिकार दिया जाना चाहिए ।

**महाराष्ट्र :**

राज्य सरकार, अभी भी, अपने पहले भेजे गए विचारों से सहमत है । तथापि, उसने निम्नलिखित और कहा है :—

"चूंकि एक समिति गठित की जा चुकी है और वह इस मुद्दे की गहराई से जांच करना चाहेगी, हम निम्नलिखित, अतिरिक्त टिप्पणियां, आपके विचारार्थ, जोड़ रहे हैं : उच्च सदन (विधान परिषदें) केवल पांच राज्यों में ही विद्यमान हैं । अतः, भिन्न-भिन्न स्तरों पर कार्यरत स्कूल शिक्षकों में भेदभाव दूर करने के लिए, क्या संवैधानिक संशोधन के लिए पहल की जानी चाहिए, यह मामला, भारत सरकार द्वारा इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कि क्या ये राज्य, उच्च सदन को बनाए रखने के इच्छुक हैं, विचार करने योग्य है । तथापि, इसमें कोई शक नहीं है कि मौजूदा प्रावधानों में, उन शिक्षकों में जो अर्हता प्राप्त हैं, उनमें से कुछ माध्यमिक स्कूलों में प्राथमिक स्तरों पर शिक्षण कर रहे हैं और अन्य जो ऐसे स्कूलों में शिक्षण कर रहे हैं, जो अपने आप में केवल प्राथमिक स्कूल हैं, के बीच भेदभाव करते हैं । मतदाता-अर्हताओं का स्तर, सामान्यतयः, इन दोनों मामलों में एक समान होगा, अतः यह सच है कि यहां कुछ भेदभाव है । ऐसे शैक्षिक संस्थान, दर्जे में माध्यमिक स्कूलों से कम नहीं है, जिनका वर्णन भारत के संविधान के अनुच्छेद 171 (3) (ग) में किया गया है और चुनाव आयोग ने जिनका विशेष वर्णन किया है, जहां तक इस राज्य का संबंध है, जन प्रतिनिधित्व, अधिनियम, 1950 के खण्ड 27(3) (ख) के अन्तर्गत और जबकि महाराष्ट्र राज्य में सभी प्राथमिक स्कूलों को मान्यता प्रदान करने की प्रणाली, इस बात का विचार किए बिना कि चाहे स्कूल निजी है अथवा पब्लिक एजेंसी द्वारा चलाए जा रहे हैं, भी, बम्बई प्राथमिक शिक्षा अधिनियम, 1947 के खण्ड 2 (2) में "स्वीकृत स्कूलों" की परिभाषा में सुनिर्धारित है और अधिनियम के खण्ड 39 में भी यही अर्थ है, अतः इस राज्य में, ऐसे प्राथमिक शैक्षिक संस्थानों के शिक्षकों को शामिल करने के लिए, शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्र में, नामांकन के कार्यक्षेत्र में विस्तार करने में, कोई कठिनाई नहीं

होगी । यह नोट किया जाए कि चूंकि मॉनटेसरी शिक्षण और पहली कक्षा से नीचे के स्तर का शिक्षण, बम्बई प्राथमिक शिक्षा अधिनियम, 1947 में शामिल नहीं है । यदि "प्राथमिक" अथवा "प्रारम्भिक" स्कूलों को शामिल करने के लिए, कोई संवैधानिक संशोधन किया जाता है, तो भी ऐसे संस्थानों के शिक्षक, निर्वाचक सूची में शामिल किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे ।"

यह कहना अनावश्यक नहीं है कि यदि संवैधानिक संशोधन किए जाते हैं तो उसके बाद, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के खण्ड 27 (3) (ख) में भी अनुकूल/अनुरूप संशोधन अनिवार्य होंगे।

**राजस्थान :**

राज्य सरकार ने, विधान परिषदों में प्रारम्भिक स्कूल शिक्षकों को शामिल करने के लिए, संविधान में संशोधन की सिफारिश की है ।

**सिक्किम :**

चूंकि राज्य सरकार के पास कोई विधान परिषद नहीं है, इस मामले में उसके कोई विचार नहीं है।

अतः, 9 राज्य सरकारों में से, जिनसे अभी तक उत्तर प्राप्त हुए हैं, 3 राज्य (अर्थात् बिहार, हरियाणा और महाराष्ट्र) विधान परिषदों में प्रारम्भिक स्कूल शिक्षकों के मताधिकार को शामिल करने के लिए, संविधान में संशोधन के पक्ष में हैं, 2 राज्यों (अर्थात् हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश) ने यथास्थिति की सिफारिश की है, जबकि 3 राज्यों (अर्थात् उड़ीसा, सिक्किम और त्रिपुरा) ने टिप्पणियां पेश नहीं की हैं और हरियाणा सरकार ने कहा है कि वर्तमान प्रावधान को बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

8. यह मामला, संसद पुस्तकालय के साथ उठाया गया था और उनसे अनुरोध किया था कि संविधान के अनुच्छेद 171 के अधीन बनाए गए प्रावधानों के संबंध में संसद/संविधान सभा की कार्रवाइयों के संबंधित उद्धरण जुटा दें और वे उद्धरण वहां से प्राप्त कर लिए गए थे ।

9. संसद पुस्तकालय से, निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां भी, समिति के विचारार्थ, जुटा देने का अनुरोध किया गया था :—

(i) पंजाब, पश्चिम बंगाल, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में विधान परिषदों के समापन में प्रमुख संसद/राज्य सभाओं की कार्रवाइयां;

(ii) चूंकि जम्मू व कश्मीर का पृथक संविधान है, राज्य की संविधान–सभा की कार्रवाईयां कि शिक्षकों को कोई मताधिकार क्यों नहीं दिए गए ।

10. आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्यों में विधान परिषदों के समापन से संबंधित संसद की कार्रवाइयां भी प्राप्त कर ली गई थीं और समिति के समक्ष रख दी गई थीं । विधान परिषदों के समापन से संबंधित कार्रवाइयां और जम्मू व कश्मीर संविधान सभा की कार्रवाइयां उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं ।

11. विधि मंत्रालय से उपर्युक्त दस्तावेजों में से प्रत्येक की एक–एक प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था । विधि मंत्रालय ने सूचित किया है कि संसद की बहसों से सम्बन्धित सभी रिकार्ड मंत्रालय में उपलब्ध नहीं हैं । तथापि, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्य सरकारों की विधान परिषदों को समाप्त करने से सम्बन्धित संसद की कार्यवाहियां, केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय से प्राप्त की जा सकती हैं । तदनुसार, ये, केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय से प्राप्त की गई और समिति के सदस्यों को वितरित की गई।

12. यह मामला, चुनाव आयोग के साथ भी उठाया गया था और उनसे निम्नलिखित सूचना भेजने के लिए अनुरोध किया गया था :

(1) संविधान के अनुच्छेद 171(3) (ग) के अन्तर्गत पिछले 20 वर्षों के दौरान, विधान परिषदों के लिए चुने गए सदस्यों की शैक्षिक रूपरेखा (प्रोफाइल) का एक मूल्यांकन।

(ii) संविधान के अनुच्छेद 171 (3) (ग) के अन्तर्गत पिछले 20 वर्षों के दौरान चुने गए सदस्यों का व्यावसायिक स्तर। इससे माध्यमिक स्कूल शिक्षकों, प्राथमिक स्कूल शिक्षकों, विश्वविद्यालीय शिक्षकों इत्यादि की संख्या का पता चलेगा ।

(iii) अनुच्छेद 171 (3) (ग) के अन्तर्गत चुने गए सदस्यों की रूपरेखा (प्रोफाइल) में उनके व्यावसायिक स्तर के सन्दर्भ में समय के साथ-साथ क्या कोई परिवर्तन हुआ है ।

(iv) इससे सम्बन्धित अन्य कोई अपेक्षित सूचना ।

चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि वे विधायिकाओं, संघ या राज्यों के चुने हुए सदस्यों की प्रोफाइल नहीं रखते हैं अतः, ऐसी सूचना मुहैया नहीं की जा सकती । उन्होंने, इस मामले में हमें राज्य सरकारों से भी सम्पर्क करने की सलाह दी है ।

13. उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की विधान परिषदों के सचिवों से अपेक्षित सूचना भेजने के लिए अनुरोध किया गया था । यह सूचना केवल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकारों से प्राप्त हुई हैं।

14. पश्चिम बंगाल, पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की सरकारों से विधान परिषदों को समाप्त करने से सम्बन्धित राज्य विधान सभाओं की कार्यवाहियों की प्रतियां भेजने के लिए अनुरोध किया गया था । विधान परिषदों को समाप्त करने से सम्बन्धित विधान सभाओं की कार्यवाहियों, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्राप्त हो गई हैं।

15. उपर्युक्त सूचना प्राप्त करने के लिए जम्मू एवं कश्मीर को लिखे हमारे पत्र के प्रत्युत्तर में, जम्मू और कश्मीर सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने जो कुछ भी पहले लिखा है, उसमें उन्हें और कुछ जोड़ना नहीं है और संगत प्रावधान अर्थात् जम्मू और कश्मीर के संविधान की धारा-50 विधान परिषदों में शिक्षकों की किसी भी श्रेणी को प्रतिनिधित्व देने की अनुमति प्रदान नहीं करती ।

सत्यमेव जयते

अध्याय–III

# विधान परिषदों पर संविधान सभा में हुई बहसों का मूल्यांकन

इस समिति ने संविधान के अनुच्छेद 171 (3) (ग) के अन्तर्गत, संविधान सभा की कार्यवाहियों की जांच की। संविधान बनाते समय, अनुच्छेद–150 राज्यों की विधान परिषदों के गठन से सम्बन्धित था ।

2. राज्यों की विधान परिषदों की संरचना के बारे में, संविधान सभा ने दो बार विचार किया था । संविधान सभा के सम्मुख रखे गए मूल प्रारूप में सिर्फ यह कहा गया था कि राज्यों के उच्च सदन की संरचना संसद द्वारा बनाए गए कानून में यथा निर्धारित रूप में की जाएगी । संविधान सभा में जब इस प्रावधान पर चर्चा हुई तो सदन ने महसूस किया कि सांविधानिक प्रावधान, जो कि प्रांतीय विधायिका की सांविधानिक संरचना का एक महत्वपूर्ण भाग है, को और अधिक प्रत्यक्ष और स्पष्ट होना चाहिए।

3. अनुच्छेद-150 के संघटन पर हुई चर्चाओं के दौरान, संविधान सभा के अध्यक्ष ने सदन के सदस्यों के साथ भी विचार–विमर्श किया था और यह सुझाव दिया था कि एक और अधिक विस्तृत प्रारूप प्रस्तुत करने के लिए, प्रारूप समिति द्वारा इस मामले पर पुनः विचार किया जाए। राज्यों में विधान परिषदों की संरचना से सम्बन्धित इस मूल अनुच्छेद–150 में इस समय तीन संशोधन पेश किए गए थे और यह अनुच्छेद, प्रारूप समिति के पुनः सुपुर्द कर दिया गया था ।

4. डा० अम्बेडकर ने नए अनुच्छेद का एक नोटिस दिया, जिस पर बाद में चर्चा की गई थी और जो भारत के संविधान के अस्तित्व में आने से पहले दिनांक 19–8–1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकार किया गया था ।

"अनुच्छेद–150 के बारे में डा० अम्बेडकर द्वारा निम्नलिखित संशोधन पेश किए गए :––

"अनुच्छेद 150, की जगह निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए ––

150 (1) इस प्रकार की संरचना वाली, किसी राज्य की विधान परिषद में सदस्यों की कुल संख्या, उस राज्य की विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या की एक–चौथाई से अधिक नहीं होगी :

बशर्ते कि किसी राज्य विधान परिषद में सदस्यों की कुल संख्या, किसी भी हालत में 40 से कम नहीं होगी ।

(2) जब तक कि संसद, कानून द्वारा अन्यथा प्रावधान न कर दे, राज्य विधान परिषद का गठन, इस अनुच्छेद की धारा (3) में यथा–प्रावधान के अनुसार होगा ।

(3) किसी राज्य की विधान–परिषद में सदस्यों की कुल संख्या के (क) कम से कम एक तिहाई सदस्य, निर्वाचन–पद्धति द्वारा चुने जाएंगे, जिनमें नगर पालिकाओं, जिला बोर्डों और इसी प्रकार के अन्य स्थानीय प्राधिकरणों, जिन्हें संसद कानून द्वारा विनिर्दिष्ट करें, के सदस्य शामिल होंगे, (ख) कम से कम 1/12 सदस्य, निर्वाचन–पद्धति द्वारा चुने जाएंगे, जिनमें वे व्यक्ति होंगे, जो उस राज्य के किसी विश्वविद्यालय के कम से कम 3 वर्ष से स्नातक रहे हों और वे व्यक्ति, जो तीन वर्ष की वह अर्हता रखते हों जो इस प्रकार के किसी विश्वविद्यालय के स्नातक के समकक्ष हों अथवा संसद द्वारा बनाए गए किसी कानून के अन्तर्गत स्नातक के समकक्ष निर्धारित की गई हो, (ग) कम से कम 1/12 सदस्य, निर्वाचन-पद्धति द्वारा चुने जाएंगे, जिनमें वे व्यक्ति शामिल होंगे, जो राज्य की शैक्षिक संस्थाओं में कम से कम 3 वर्ष से अध्यापन कार्य में लगे हुए हैं तथा संसद द्वारा बनाए गए किसी यथा निर्धारित अथवा संसद द्वारा बनाए गए कानून के अन्तर्गत माध्यमिक स्कूल के स्तर से कम न हो, (घ) यथा संभव निकटतम एक–तिहाई सदस्य, राज्य की विधान सभा के सदस्यों द्वारा उन व्यक्तियों में से चुने जाएंगे, जो विधान सभा के सदस्य न हों (ङ) शेष का मनोनयन, इस अनुच्छेद की धारा (5) में विनिर्धारित पद्धति से राज्यपाल द्वारा किया जाएगा।



3—558 HRD/92

(4) इस अनुच्छेद की धारा (3) की उप-धारा (क), (ख) और (ग) के अन्तर्गत चुने जाने वाले सदस्य, इस प्रकार के निर्धारित, प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र अथवा संसद द्वारा बनाए गए किसी कानून के तहत, निर्धारित क्षेत्र से चुने जाएंगे, और उक्त उप धारा तथा उक्त धारा की उप-धारा (घ) के अन्तर्गत चयन एकल हस्तांतरणीय मत द्वारा समानुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार किया जाएगा ।

(5) इस अनुच्छेद की धारा 3 की उपधारा (ङ) के अन्तर्गत, राज्यपाल द्वारा मनोनीत किए जाने वाले सदस्यों में, वे व्यक्ति शामिल होंगे जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला, सहकारिता आन्दोलन और समाज सेवा के क्षेत्र का विशेष ज्ञान, अथवा व्यावहारिक अनुभव हो।

5. संविधान-सभा में चर्चा के दौरान, पश्चिम बंगाल के डा० मनमोहन दास ने यह सुझाव दिया था कि :

"प्रस्तावित अनुच्छेद-150 की धारा-3 की उपधारा (ख), संशोधनों में संशोधन की (चौथे सप्ताह) सूची संख्या-1 के संशोधन संख्या-1 में "कम से कम 3 वर्ष के लिए" शब्द जहां कहीं भी आते हों, उन्हें हटा दिया जाए। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वे यह समझ पाने में असमर्थ हैं कि एक स्नातक जिसने अभी कल ही अथवा कुछ दिन पूर्व डिग्री प्राप्त की हो और 3 वर्ष के स्नातक में क्या अन्तर होगा । यदि इस अनुच्छेद के प्रायोजकों का यह विचार है कि शैक्षिक अर्हताओं की परिपक्वता के लिए, कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, तो 3 वर्ष का अनुभव अपर्याप्त होगा । स्नातकता की अर्हता की परिपक्वता के लिए कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए । अतः उन्होंने यह सुझाव दिया कि धारा (ख) के अन्तर्गत मतदाता-सूची में पंजीकृत किए जाने के लिए 3 वर्ष की अवधि की शर्त, हटा दी जानी चाहिए।"

6. मद्रास के श्री वी० आई० मुनिस्वामी पिल्लै ने यह नोटिस दिया कि "प्रस्तावित अनुच्छेद-150 की धारा 3 की उप धारा (घ) संशोधनों में संशोधनों की (चौथे सप्ताह) सूची संख्या-1 के संशोधन-संख्या 1 में, "एक तिहाई" शब्द के बाद, "अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित सीटों सहित" शब्दों को निर्धारित कर जोड़ा जाए । "आगे, उन्होंने यह भी कहा कि संशोधन लाने का उद्देश्य, अपर-चैम्बर में अनुसूचित जातियों के लिए प्रतिनिधित्व प्राप्त करना है । उन्होंने कहा कि डा० अम्बेडकर द्वारा लाए गए संशोधनों में अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधित्व के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है । जब तक "अपर हाउस" में अनुसूचित जातियों के लिए स्थान आरक्षित नहीं किए जाते, अनुसूचित जातियों के सदस्यों के लिए, "अपर हाउस" में सीटें प्राप्त करना अथवा पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त करना असंभव होगा ।

7. गुजरात के प्रो० के० टी० शाह ने कहा कि अनेक ऐसे संशोधन हैं जिन पर वे संविधान सभा का मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहेंगे । तथापि डा० अम्बेडकर द्वारा सुझाई गई नई योजनाओं के कारण उनके द्वारा लाए गए सभी संशोधन, अप्रासंगिक प्रतीत होते हैं।

8. श्री एस० नागप्पा ने निम्नलिखित संशोधन प्रस्तुत किए :--

(क) कि "प्रस्तावित अनुच्छेद-150 की धारा (1) के परन्तुक में संशोधनों में संशोधनों की (चौथा सप्ताह) सूची संख्या-1 के संशोधन संख्या-1 में "चालीस," शब्द के स्थान पर "पैंतालीस" शब्द प्रतिस्थापित किया जाए ;

(ख) प्रस्तावित अनुच्छेद-150 की धारा-3 की उप धारा (ख) और (ग) में संशोधनों में संशोधन की (चौथा सप्ताह) सूची संख्या-1 के संशोधन-संख्या-1 में, "1/12" शब्द के लिए जहां कहीं भी यह आता हो, "1/15" शब्द प्रतिस्थापित किया जाए ।

(ग) प्रस्तावित अनुच्छेद-150 की धारा (3) की उप धाराओं (क), (ख), (ग) और (घ) में संशोधनों में संशोधन की (चौथा सप्ताह) सूची संख्या-1 के संशोधन-संख्या-1 में, "यथा संभव निकटतम" शब्द जहां कहीं भी आए हों, उन्हें हटा दिया जाए।

बशर्ते कि किसी राज्य की विधान परिषद के सदस्यों की कुल संख्या किसी भी हालत में 40 से कम नहीं होनी चाहिए।

8. श्री नागप्पा ने आगे कहा कि उन्हें यह खुशी है कि शिक्षकों को प्रतिनिधित्व दिया गया है । इन वर्षों में शिक्षक मूक-कष्ट भोगी रहे हैं । समूचे विश्व में उनकी आय सबसे कम थी और विधान परिषद में प्रतिनिधित्व किए जाने के लिए, उनके अधिकारों को मान्यता दी गई है ।

9. श्री एच० वी० कामथ ने निम्नलिखित संशोधन प्रस्तुत किए :—

(क) कि सूची संख्या–1 (चौथा सप्ताह) के संशोधन में, प्रस्तावित अनुच्छेद–150 की धारा (1) के परन्तुक, (यह उल्लेख करना है कि डा० अम्बेडकर द्वारा प्रस्तुत संशोधन अब विचाराधीन हैं) को हटा दिया जाए ।

बशर्ते कि किसी राज्य की विधान परिषद के सदस्यों की कुल संख्या, किसी भी हालत में 40 से कम नहीं होगी ;

(ख) कि प्रस्तावित अनुच्छेद–150 की धारा (2) की सूची–1 (चौथा सप्ताह) के संशोधन में "जब तक संसद, कानून द्वारा अन्यथा प्रावधान न कर दे" शब्दों को निकाल दिया जाए।

(ग) कि प्रस्तावित अनुच्छेद की धारा–5 की सूची–1 (चौथा सप्ताह) के संशोधन में "सहकारी आन्दोलन" शब्दों को हटा दिया जाए ;

(घ) प्रस्तावित अनुच्छेद की धारा–5 की सूची–1 (चौथा सप्ताह) के संशोधन में, "साहित्य" शब्द से पहले "धर्म, दर्शन शास्त्र" शब्दों को हटा दिया जाए।

10. श्री एच० वी० कामथ ने कहा कि कुछेक राज्यों के निचले सदन में 60--70 सदस्य होते हैं, जहां निचले सदन में सदस्यों की संख्या 60--70 से अधिक नहीं होती है, तो उच्च सदन (अपर हाउस) में 40 सदस्यों का होना नितांत रूप से अवांछनीय होगा । प्रारूप संविधान के अनुच्छेद 150 के मूल प्रारूप में, इस प्रकार का कोई प्रावधान नहीं था और केवल उच्च सीमा नियत कर दी थी, जो इस आशय से की गई थी कि यह संख्या, निचले सदन की कुल संख्या के एक-चौथाई से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह न केवल विलासिता होगी, अपितु निचले सदन के लिए भी अवांछनीय बाधा होगी और यदि हम एक बार 40 सदस्यों की न्यूनता का प्रावधान कर देते हैं, तो प्रत्येक अति लघु राज्य को दूसरे सदन की मांग करने के लिए उकसाया जा सकता है । उन्होंने आगे कहा कि अति लघु राज्यों को उनके यहां दूसरे सदन (चैम्बर) के लिए प्रोत्साहित न किया जाए

11. बिहार के श्री ब्रिजेश्वर प्रसाद ने इस अनुच्छेद का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कोई कारण नही है जिसकी वजह से विधान परिषद में सीटों की संख्या, विधान सभा में सीटों की कुल संख्या की एक चौथाई, तक, अधिकतम 40 सीटों तक, सीमित होनी चाहिए।

12. श्रीमती पूर्णिमा बैनर्जी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि शिक्षण व्यवसाय को भी इससे सम्बद्ध किया गया है । उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि स्कूली शिक्षकों को ही नहीं, अपितु स्वैच्छिक शिक्षकों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए । नए ढांचे में, यदि शिक्षा के क्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण प्रगति लानी है, तो इसके लिए हमें योग्य तथा अर्हक व्यक्तियों की सहायता की जरूरत पड़ेगी, जो स्वैच्छिक शिक्षकों के रूप में कार्य करेंगे । अत: उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षण व्यवसाय में स्वैच्छिक शिक्षकों को भी शामिल किया जाना चाहिए ।

13. मध्य प्रदेश के श्री वी० एस सरवटे ने कहा कि अनुच्छेद 150, धारा 3 में विश्वविद्यालय स्नातकों को प्रतिनिधित्व दिया गया है । इस धारा की शब्दावली से कुछ कठिनाइयां देखने में आती हैं । इस वाक्यांश "कि वे व्यक्ति, जो उस राज्य के किसी विश्वविद्यालय के कम से कम, तीन वर्षों से स्नातक रहे हों", का तात्पर्य है कि स्नातकों को मतदाता होने के लिए निम्न दो शर्तों का पूरा होना आवश्यक है :—

"पहले वे तीन वर्षों की अवधि के स्नातक अवश्य हों और दूसरे वह विश्वविद्यालय, उसी राज्य में हो, जिससे वे स्नातक हैं ।"

14. उन्होंने कहा कि इससे काफी कठिनाई होगी । उदाहरणार्थ, मध्य भारत में कोई विश्वविद्यालय नहीं है । अत: मध्य भारत में विश्वविद्यालय का कोई भी स्नातक, इस धारा के अन्तर्गत मत देने के योग्य न होगा ।

अतः उन्होंने सुझाव दिया कि "किसी विश्वविद्यालय" शब्दों के स्थान पर "भारत के सीमा क्षेत्र में" शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

15. डा पी० एस० देशमुख ने कहा कि चूंकि एक तिहाई सदस्यों का चुनाव विधान सभाओं के सदस्यों द्वारा स्वयं किया जाता है, अतः अधिकांशतः वे अपने जैसे लोग ही चुनेंगे। स्नातकों तथा शिक्षकों द्वारा चुनी गई जैसी अन्य श्रेणियों में, ऐसी कोई संभावना नहीं है, कि समाज के किसी श्रेष्ठतम तत्वों को चुना जाएगा। वे भी विधान सभा के सदस्यों की भांति के होंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि इस अनुच्छेद का प्रारूप बहुत जल्दबाजी में तैयार किया गया है।

16. वह आगे यह भी जानना चाहते थ, कि इस विशेषाधिकार के लिए माध्यमिक स्कूल शिक्षक को ही क्यों पेश किया जाता है। यदि माध्यमिक स्कूल का कोई शिक्षक, विधान परिषद में स्थान पाने का सौभाग्य प्राप्त कर सकता है तो इस विशेषाधिकार का लाभ देने में प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को भी शामिल क्यों न किया जाए। उन्होंने यह महसूस किया कि प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के साथ एक तो यह अन्याय है, दूसरे जब संविधान सभा, एक स्नातक को दूसरे सदन के लिए व्यक्तियों का चयन करने के लिए योग्य मान रही है और वह भी एक माध्यमिक स्कूल शिक्षक का है, तो इन लोगों को राजनीति से कैसे दूर रखा जा सकता है। अतः उन्होंने यह महसूस किया कि प्रारूप समिति ने प्रश्न के इस पक्ष की ओर बहुत ही ध्यानपूर्वक विचार नहीं किया है।

17. अनुच्छेद 150 (अब अनुच्छेद–171) पर संविधान सभा के विभिन्न सदस्यों द्वारा प्रस्तावित संशोधन पर विचार विमर्श किया गया था और डा अम्बेडकर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को अन्तिम रूप से अपना लिया गया था।

**संविधान सभा की बहस सम्बन्धी समिति की टिप्पणियां**

समिति ने संविधान सभा की बहस की कार्यवाहियों पर चर्चा की तथा यह महसूस किया कि विधान परिषदों में शिक्षकों को प्रतिनिधित्व आदर्शवादी विचारधारा पर दिया गया है। उस समय पर यह महसूस किया गया था कि शिक्षक मूक क्षतिग्रस्त थे। उनका वेतन भी बहुत सीमित था। विधि प्रक्रिया सहित राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान होने के उद्देश्य से उन्हें प्रोत्साहित किया जाए जिसके लिए उन्हें विधान परिषदों में प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए।

2. तथापि आजकल स्थिति पूरी तरह से भिन्न है शिक्षकों को विभिन्न मंचों में प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। उनके वेतन ढांचे में सुधार किया गया है और अब उन्हें कोई नुकसान नहीं हो रहा है। तथापि शिक्षकों के प्रतिनिधित्व से उनके शैक्षिक कार्य–निष्पादन में कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं हुआ है। दूसरी तरफ सामान्य रूप से वेतन, पदोन्नति, पेंशन, अन्य सेवा शर्तों में सुधार की मांग करना एक प्रवृत्ति बन गई है। प्राइमरी स्कूल शिक्षकों को मताधिकार प्रदान करने से यह आशंका है कि इससे यह मामला राजनीतिक बनेगा और शिक्षकों व्यवस्था को नुकसान हो जाएगा।

3. प्रारम्भ में नौ राज्यों अर्थात, आंध्र प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर में विधान परिषदें थीं। चूंकि ये परिषदें 1–8–1969 को पश्चिम बंगाल, 7–1–1970 को पंजाब, 1–6–1985 को आंध्र प्रदेश और 1–11–1986 को तमिलनाडु के राज्यों में समाप्त हो गईं। इस समय केवल पांच राज्यों अर्थात उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र और जम्मू और कश्मीर में विधान परिषदें हैं। जम्मू और कश्मीर की विधान परिषद शिक्षकों को कोई प्रतिनिधित्व प्रदान नहीं करती है।

4. विधान परिषद में कम से कम 40 सदस्य होने चाहिए। इस प्रकार से केवल वे राज्य विधान परिषदें रख सकते हैं जिनकी सदस्य संख्या 160 से अधिक है। राज्य विधान सभा में सदस्यता की संख्या को दर्शाने वाला एक विवरण परिशिष्ट III में दिया गया है। अगर विधान परिषदों की धारणा की समीक्षा की भी जाती है तो आधे से अधिक राज्य, विधान परिषदें रखने के लिए समर्थ नहीं होंगे और अध्यापकों के एक समान प्रतिनिधित्व में अनियमितताएं समस्त देश में जारी रहेंगी।

5. जिस समय संविधान का निर्माण किया गया था उस वक्त भी अधिक स्कूल निजी स्कूल थे और इस प्रकार अधिकांश अध्यापक विधान परिषदों में चुनाव लड़ने के लिए पात्र थे। मौजूदा स्थिति यह है कि 80 प्रतिशत

से भी अधिक स्कूल या तो राज्य सरकारों ने अपने अधिकार में ले लिए हैं या स्थानीय निकायों द्वारा चलाए जा रहे हैं। सरकारी कर्मचारी होने और आचरण नियमावली उन पर लागू होने से वे चुनाव नही लड़ सकते । कुल शिक्षक संख्या का केवल एक छोटा सा भाग चुनाव लड़ने के लिए पात्र होगा ।

6. विधान परिषदों में अध्यापकों के प्रतिनिधित्व के लिए संवैधानिक प्रावधान के संदर्भ में अध्यापकों को चुनाव में शामिल करने से उनके राजनीतिकरण का स्वरूप और सीमा क्या होगा इस पर विचार-विमर्श किया गया और यह आशंका व्यक्त की गई कि प्राथमिक अध्यापकों को मताधिकार प्रदान करने से स्थिति और अधिक विकट बन जाएगी । विशेष रूप से बच्चे नुकसान उठाएंगे और सामान्य रूप से प्रारम्भिक शिक्षा पद्धति में क्षति पहुंचेगी । इस प्रकार की स्थिति संविधान के प्रावधानों की भावना के अनुरूप नहीं होगी । यह भी नोट किया गया था कि स्नातक, निर्वाचन क्षेत्रों के प्रावधान के अन्तर्गत वे भी चुने जा सकते हैं जो स्नातक नहीं हैं । शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्रों के मामले में भी ऐसी स्थिति पैदा हो जाएगी । इससे सम्भवत: इन प्रावधानों का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

7. यह दलील काफी शक्तिशाली और तार्किक है कि सोसाइटी में अन्य व्यवसाय भी राष्ट्र निर्माण में समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं । यदि डाक्टर, वकील, इंजीनियर, पत्रकार, स्वतन्त्रता सैनानी, शिक्षकों की रूप रेखाओं के आधार पर इस प्रकार मांग करते हैं तो उनकी बात विवेकपूर्ण और तर्कसंगत होगी । शिक्षकों के सम्बन्ध में संविधानों के प्रावधानों को विस्तृत करने के सम्बन्ध में इन पहलुओं की सामाजिक, राजनीतिक, और नीति परक उलझनों की जांच करना अपेक्षित होगा । समिति ने अपने विचाराधीन विषयों के संदर्भ में ऐसी कठिनाइयों, विकल्पों, और परिणामों की विस्तृत जांच की ।

सत्यमेव जयते

अध्याय—IV

# तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल राज्यों में विधान परिषदें भंग करने से संबंधित संसदीय कार्यवाहियां

समिति ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों की विधान परिषदों को भंग करने सम्बन्धी संसद/विधान सभाओं की कार्यवाहियों की भी जांच की । पंजाब में विधान परिषद भंग करने सम्बन्धी कार्यवाहियों को उपलब्ध नहीं कराया जा सका । वाद-विवाद में उठाए गए कुछ सम्बद्ध मुद्दों का सारांश नीचे दिया गया है :—

**तमिलनाडु**

(क) विधि मंत्री ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 169 के अन्तर्गत किसी राज्य की विधान परिषद भंग करने को संसद सक्षम है;

(ख) तमिलनाडु से श्री बालू, संसद सदस्य ने इस आधार पर विधेयक का विरोध किया कि यह राजनीति से प्रेरित है और इसका मुख्य उद्देश्य डा० के० करुणानिधि की लोकप्रियता को कम करना है ;

(ग) तमिलनाडु के० श्री जी० स्वामीनाथन ने कहा कि विधान परिषद ने निर्धारित उद्देश्य पूरा नहीं किया है और अन्य व्यवसायों, जैसे डाक्टरों इंजीनियरों, आदि को विधान परिषदों में प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है । उन्होंने आगे कहा था कि यह विधान सभा के पूर्ण विवेक पर है कि विधान परिषदें भंग की जाएं अथवा नहीं ।

(घ) श्री श्यामलाल यादव ने कहा कि विधान परिषद एक विकृत सदन है और इसलिए उन्हें बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है और देश भर में एक समान प्रणाली होनी चाहिए ।

**पश्चिम बंगाल**

विधि मंत्री ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 169 (1) के अन्तर्गत, यदि किसी राज्य की विधान परिषद एक संकल्प पारित कर दे जिसमें राज्य ऐसे राज्य की विधान परिषद भंग करने, जिसमें कोई परिषद हो अथवा किसी राज्य में इस प्रकार की परिषद का गठन करने, जहां ऐसी कोई परिषद न हो, का अपेक्षित बहुमत सहित प्रावधान किया गया हो, संसद के पास कानूनन परिषद भंग करने अथवा उसका गठन करने, जैसा भी मामला हो, प्रावधान हो सकता है । ऐसे कानून को संविधान का संशोधन नहीं समझा जाएगा ।

2. डा० एस० के० तिपुरिया ने कहा कि सरकारों द्वारा विधान परिषदों को ऐसी उपहासास्पद स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया गया है जो पराजित राजनीतिज्ञों तथा बहिष्कृत मंत्रियों के आवास में परिवर्तित हो गए हैं और उन लोगों को मंत्रियों के रूप में लाने के लिए इस सदन का साधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है जिनमें अन्यथा जनता का सामना करने की हिम्मत नहीं थी । उन्होंने आग यह भी कहा कि जैसी कि आज स्थिति बन गई है कि विधान परिषदों ने उन निर्धारित प्रयोजनों और उद्देश्यों को प्राप्त नहीं किया जिनके लिए इनकी स्थापना की गई थी ।

**आंध्र प्रदेश**

(क) राज्य विधान सभा द्वारा पारित विधेयक में संशोधन करना संसद का अधिकार है,

(ख) पंजाब विधान मंडल परिषद (उन्मूलन विधेयक) और संसद द्वारा बिना किसी चर्चा के उसी वर्ष नवम्बर, में पारित किया गया ।

(ग) संविधान सभा की चर्चाओं के दौरान डा० बी० आर० अम्बेडकर विधान परिषदों के गठन के प्रति अत्यन्त उत्साहित नहीं थे । उन्होंने कहा था कि राज्यों में द्वितीय चम्बर को नितांत एक प्रायोगिक उपाय के रूप में शुरू किया जा रहा था । उन्होंने आगे कहा था कि द्वितीय चैम्बर से छुटकारा पाने के लिए संविधान

में संशोधन करने का पर्याप्त प्रावधान होगा । इसका निर्णय राज्य के लोगों पर छोड़ दिया गया था कि द्वितीय चैम्बर आवश्यक है अथवा नहीं ।

(घ) संसद द्वारा 14–5–1985 को उन्मूलन विधेयक पारित किया गया ।

**राज्यों में परिषदें भंग करने सम्बन्धी समितियों में चर्चाएं**

(1) राज्यों में विधान परिषदें धीरे–धीरे भंग की जा रही हैं । चूंकि, विधान परिषद में कम से कम 40 सदस्य होने चाहिए अत: केवल उन राज्यों की जिनकी असेम्बली की सदस्य संख्या 160 है, विधान परिषदें हो सकती हैं । परिणामस्वरूप, यदि राज्यों में विधान परिषदें स्थापित करने की प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जाए तो भी, आधे से अधिक राज्य विधान परिषदें स्थापित करने के पात्र नहीं होंगे और देश में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व में विषमता जारी रहेगी । बिहार विधान परिषद में 62 सदस्यों में से लगभग 20 शिक्षक हैं जबकि शिक्षक चुनाव क्षेत्र से 8 स्थान ही हैं।

(2) बिहार में, ढाई लाख शिक्षक हैं और 65,000 प्राथमिक स्कूल हैं जिन्हें राज्य सरकार ने अपने नियंत्रण में लिया हुआ है और इस प्रकार बिहार में लगभग सभी प्राथमिक स्कूल शिक्षक सरकारी कर्मचारी हैं और इसलिए चुनाव लड़ने के पात्र नहीं हैं । इस प्रकार शिक्षकों में से केवल सेवा–निवृत्त शिक्षक अथवा वे शिक्षक जो स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हुए हैं, चुनाव लड़ सकते हैं और परिषद के सदस्य बन सकते हैं जिन्हें शिक्षकों के शैक्षिक कार्य–निष्पादन में सुधार करने के प्रति कोई चिन्ता नहीं है।

(3) समिति ने इस मत पर विचार किया कि यदि प्राथमिक शिक्षकों को वोट देने का अधिकार प्रदान किया जाता है तो उन पर राजनीति हावी हो जाएगी । जबकि परिषदें विद्यमान हैं यथा स्थिति बनाई रखी जानी चाहिए । यह उल्लेख किया गया था कि इस समय शिक्षक स्थानीय निकायों के भी सदस्य हैं । नगर निगम और अनेक प्रकार के वोट देने के अधिकार जारी रहेंगे। हो सकता है कि कोई मौजूदा जनतांत्रिक पद्धति को समाप्त करने के पक्ष में न हो परन्तु वह जनतांत्रिक पद्धति में सुधार का सुझाव दे सकता है क्योंकि विधान परिषदें जनतांत्रिक पद्धति का एक भाग हैं ।

(4) इस समय, विधान परिषदों में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व राजनीतिक दृष्टिकोण का भाग है न कि गुणावगुण के आधार पर है क्योंकि किसी भी उत्कृष्ट शिक्षक को सीधे ही विधान परिषद में नहीं चुना जाता है ।

(5) शिक्षक चुनाव क्षेत्र में शिक्षकों का कोई विशेष प्रतिनिधित्व क्यों हो इसका कोई कारण नहीं है। इस सबको व्यावहारिक आधार पर समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

(6) सामान्यतया, यह स्पष्ट हुआ है कि विधान परिषदों में शिक्षकों को अच्छे उद्देश्य से प्रतिनिधित्व दिया गया था, परन्तु यह सही ढंग से सफल नहीं हुआ था । व्यवहार्यत: इसने शैक्षिक उद्देश्य के बजाय राजनीतिक उद्देश्य को पूरा किया है ।

इस समय स्थिति बिल्कुल बदली हुई है । कोई भी राज्य सरकार समितियों में अध्यापकों को विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक मामलों से सम्बन्धित अभ्यावेदन दे सकते हैं तथा आजकल अधिकतर प्राथमिक स्कूल अध्यापक स्नातक हैं।

(7) प्राथमिक या माध्यमिक ग्रेड अध्यापकों के बीच अन्तर करने का प्रश्न ही नहीं उठता । अध्यापकों के लिए चुने जाने वाले विभिन्न मार्ग हैं तथा अध्यापकों को विशेष स्तर प्रदान करने का कोई कारण नहीं है। इसके अतिरिक्त परिषदों ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है तथा परिषदों में अध्यापक प्रतिनिधियों के लिए कोई प्रावधान नही होना चाहिए और हमें नए सिरे से कार्य शुरू करना चाहिए।

(8) अध्यापक चुनाव क्षेत्र में अध्यापकों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होना चाहिए क्योंकि सरकारी स्कूल अध्यापक होने के कारण अध्यापक 80% से अधिक (परिशिष्ट V के अनुसार) चुनाव नहीं लड़ सकेंगे । केवल स्कूल अध्यापक अपने प्रतिनिधि भेजने के पात्र रहेंगे ।

(9) विधान परिषद में अध्यापकों का प्रतिनिधित्व संतोषजनक नहीं हैं । यदि अध्यापकों को विशेषाधिकार दिया जाता है तो ये विशेषाधिकार स्वतन्त्रता सेनानियों, डाक्टरों व अन्य व्यावसायिकों को भी दिया जाना चाहिए। जबकि प्रजातांत्रिक पद्धति को यथासंभव महत्व दिए जाने की आवश्यकता है अत: एक व्यावसायिक व अन्य के बीच कोई अन्तर नहीं किया जाना चाहिए।

अध्याय–V

# राज्य सरकारों व भारत के चुनाव आयोग के विचार

**राज्य सरकार के विचार :**

